# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 15.02.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना गिरवां पुलिस द्वारा सार्वजनिक सड़कों पर खतरनाक स्टंट कर रहे युवकों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए दोपहिया वाहन को सीज करते हुए किया गया चालान।**

**विवरण**– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 15.02.2026 को थाना गिरवां पुलिस दो पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले युवको के वाहन को सीज करते हुए चालान किया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर दो पहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करते हुए कुछ युवको का वीडियो संज्ञान में आया। तत्काल गिरवां पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन सं0 UP 93 CL1788 का चालान करते हुए सीज किया गया। साथ ही परिजनो के विरुध्द निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। आमजनमानस से अपील है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने के लिए इस तरह के खतरनाक स्टंट न करें यह अपने व आमजनमानस के लिए जानलेवा हो सकता है। कृपया सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें।